**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-22 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 22 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सलेमपुर पतौरा ब्लाक काकोरी जनपद-लखनऊ के निवासियों को किसान सम्मान निधि दिलाये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2024 जो कि विशेष सचिव मुख्य मंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हां। |
| (ख) यदि हॉ, तो उक्त पत्र के आधार पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है और क्या पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त होने लगा है? | उक्त पत्र दिनांक 16 अप्रैल, 2024 में श्री राजेश कुमार, ग्राम सलेमपुर पतौरा ब्लाक काकोरी जनपद- लखनऊ का नाम इंगित था, जिन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि न दिये जाने के प्रकरण पर आवश्यक कार्यवाही का अनुरोध किया गया है।<br>इस संबंध में अवगत कराना है कि जनसेवा केन्द्र के माध्यम से कृषक द्वारा कराये गये पंजीकरण में भूमि संबंधी अभिलेख अपलोड न होने कारण कृषक का आवेदन स्वीकृत नहीं हो सका था। अब कृषक द्वारा पुन: जनसेवा केन्द्र से अपनी खतौनी की स्वच्छ प्रति पोर्टल पर अपलोड करायी गयी है और कृषक द्वारा खतौनी अपलोड के उपरान्त आवेदन को तहसील, जनपद एवं राज्य स्तर से स्वीकृत करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु भारत सरकार को अग्रसारित कर दिया गया है। |
| (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

सूर्य प्रताप शाही
कृषि मंत्री।